घाटों की सफाई तेज, किला मैदान में व्रती महिलाओं के रात्रि विश्राम का होगा विशेष प्रबंध

बक्सर (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ पर गंगा घाटों पर उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए नगर परिषद ने तैयारी तेज कर दी है। इस बार छठ व्रती महिलाओं की सुविधा और उनके रात्रि विश्राम पर खास जोर दिया जा रहा है। इसके लिए ऐतिहासिक किला मैदान स्थित विशाल रामलीला मंच परिसर में विशेष इंतजाम करने की तैयारी है। यहां महिलाओं के बैठने और सोने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य और पूजा से जुड़ी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। नगर परिषद की इस पहल से दूर-दराज से आने वाली व्रती महिलाओं को राहत मिलने की उम्मीद है। नगर परिषद क्षेत्र के त्रिमुहानी घाट से लेकर अहिरौली घाट तक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। चेयरमैन प्रतिनिधि नियामतुल्लाह फरीदी के मुताबिक, करीब एक सप्ताह पहले 50 मजदूरों की मदद से काम शुरू कराया गया था। जरूरत के हिसाब से मजदूरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। गंगा में आई बाढ़ के कारण पक्के घाटों पर जमी मिट्टी और गाद हटाई जा रही है। व्रतियों की सुरक्षा के लिए नदी में बैरिकेडिंग की



जाएगी। घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी न हो। सभी घाटों पर महिलाओं के लिए जगह-जगह चेंजिंग रूम तैयार किए जा रहे हैं। इस बार घाटों को साफ-सुथरा बनाने के साथ ही आकर्षक रूप देने की तस्वीरें उकेरी जाएंगी। इससे घाटों का माहौल भक्तिमय बनाने की कोशिश है। घाटों पर रोशनी के बेहतर इंतजाम होंगे। गंगा किनारे पेड़-पौधों को रंगीन झालरों से सजाया जाएगा। वीर कुंवर सिंह सेतु को भी आकर्षक लाइटों से सजाने की योजना है। वहीं, श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विभिन्न पहुंच पथों पर तोरण द्वार बनाए जाएंगे। सड़कों को भी सजाया जाएगा।

चेयरमैन प्रतिनिधि नियामतुल्लाह फरीदी लगातार घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। वे संबंधित कर्मचारियों को जरूरी निर्देश भी दे रहे हैं। नगर परिषद का दावा है कि पिछले साल की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। हालांकि, छठ जैसे बड़े पर्व पर केवल सजावट ही नहीं, बल्कि साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित घाट, सुगम रास्ते और महिलाओं के लिए व्यवस्थित विश्राम स्थल सबसे ज्यादा जरूरी हैं। अब देखना यह है कि नगर परिषद के ये दावे छठ के दौरान कितनी हद तक जमीन पर उतरते हैं।

शिक्षा विभाग की ई-पत्रिका 'बोधिका' का अक्तूबर अंक जारी

डीईओ और अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया लोकार्पण

बक्सर (आससे)। जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और रचनात्मक प्रयासों को नई पहचान देने की दिशा में शिक्षा विभाग की मासिक ई-पत्रिका 'बोधिका' महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को 'बोधिका' का अक्टूबर अंक जारी किया गया। इसका लोकार्पण जिला शिक्षा पदाधिकारी इन्द्र कुमार कर्ण सहित अन्य शिक्षा अधिकारियों और संपादन मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी इन्द्र कुमार कर्ण ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है। इसमें नवाचार, रचनात्मकता और निरंतर सीखने की महत्वपूर्ण भूमिका है।'बोधिका' शिक्षकों और विद्यार्थियों की प्रतिभा, उपलब्धियों तथा नए प्रयोगों को सामने लाने का प्रभावी माध्यम है। यह अन्य शिक्षकों को भी



बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनन्या ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षकों के अनुभवों और सफल प्रयोगों को साझा करना जरूरी है। 'बोधिका' इस दिशा में उपयोगी मंच उपलब्ध करा रही है। इससे शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) सुरेश प्रसाद ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में अकादमिक ज्ञान के साथ तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जीवनोपयोगी कौशल विकसित करना भी है। पत्रिका में प्रकाशित गतिविधियां और नवाचार इस दिशा में प्रेरणादायी साबित होंगे। डीआईईटी के व्याख्याता डॉ. नवनीत सिंह ने 'बोधिका' को शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और शैक्षिक अनुभवों के आदान-प्रदान का सशक्त डिजिटल मंच बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षा को गतिविधि आधारित और विद्यार्थी केंद्रित बनाने में शिक्षकों की भूमिका अहम है।

'बोधिका' के माध्यम से विद्यालयों की उत्कृष्ट गतिविधियों, शिक्षकों के अनुभवों, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और शिक्षण के नए तरीकों को व्यापक स्तर पर साझा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना और शिक्षकों के बीच संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में संपादन मंडल से जुड़े सुरेंद्र सिंह, रामभजन राम, विमल कुमार सिंह, डॉ. मृत्युंजय राय, राजेश कुमार, रविशंकर गुप्ता, रवि कुमार, महताब अली, सोनम कुमारी, सुगंधा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

खो-खो-अंडर-17 में सारण-तिरहुत और अंडर-19 में पटना-भागलपुर फाइनल में

बक्सर (आससे)। शहर के एमपी हाईस्कूल के खेल मैदान में चल रही राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय खो-खो (बालक) प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।



खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, दमखम और शानदार रणनीति से दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। अंडर-17 वर्ग में सारण और तिरहुत ने जीत दर्ज की। वहीं, अंडर-19 वर्ग में पटना और भागलपुर की टीमें विजयी रहीं। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा तथा वरीय उप समाहर्ता-सह-विशेष कार्य पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबलों की शुरुआत कराई। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और खेल भावना व अनुशासन के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

अंडर-17 वर्ग के पहले सेमीफाइनल में सारण प्रमंडल ने पटना को महज एक अंक से हराकर जीत हासिल की। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में तिरहुत ने मगध को दो अंकों से शिकस्त दी। इस मुकाबले में तिरहुत की टीम ने निर्धारित समय समाप्त होने से 3 मिनट 40 सेकंड पहले ही जीत सुनिश्चित कर ली। अंडर-19 वर्ग के पहले सेमीफाइनल में पटना ने मुंगेर को दो अंकों से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में भागलपुर ने सारण को तीन अंकों से हराकर जीत दर्ज की। सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने गति, कौशल और आपसी तालमेल का शानदार प्रदर्शन किया। जीत के लिए दोनों ओर से जोरदार प्रयास हुए। कम अंतर से हुए फैसलों ने मुकाबलों को और रोमांचक बना दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में तकनीकी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और आयोजन से जुड़े कर्मियों की अहम भूमिका रही। अब प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरुवार को होने वाले फाइनल मुकाबलों पर खेल प्रेमियों की नजरें टिकी हैं।

छापेमारी में एक बाल श्रमिक विमुक्त नियोजक पर होगी प्राथमिकी

बक्सर (आससे)। जिले में बाल श्रम के खिलाफ जिला प्रशासन ने बुधवार को अभियान चलाया। इसके तहत दोनों अनुमंडलों में एक साथ धावा दल ने विभिन्न प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर छापेमारी की। इस दौरान इटाढ़ी प्रखंड से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। उसे बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। धावा दल में जिले के सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, इटाढ़ी थाना की पुलिस और कन्हाई शुक्ला सेवा संस्थान के कार्यकर्ता शामिल थे। टीम ने अलग-अलग जगहों पर बाल श्रम की जांच की और बच्चों से काम कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मुक्त कराए गए बच्चे को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जिला बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया। अब उसके संरक्षण, देखभाल और पुनर्वासन की दिशा में जरूरी कदम उठाए जाएंगे। वहीं, बच्चे से काम कराने वाले नियोजक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

शराब के साथ धराया युवक दोषी करार, 31 अक्तूबर को सजा पर सुनवाई

बक्सर (आससे)। चौसा रेलवे स्टेशन के पास विदेशी शराब के साथ पकड़े गए जयशंकर कुमार को अदालत ने गुरुवार को दोषी करार दिया है। दोष सिद्ध होने के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। अब 31 अक्टूबर को सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी। विशेष लोक अभियोजक अवधेश कुमार राय तथा अपर विशेष लोक अभियोजक रविन्द्र कुमार सिन्हा और श्यामाश्री चन्द्र ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्पाद थाना कांड संख्या 525/2025 में सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया है। मामले की सुनवाई उत्पाद न्यायालय संख्या-2 में हुई। न्यायाधीश सोनेलाल रजक ने मामले में फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना 17 दिसंबर 2025 की है। उस दिन मद्यनिषेध विभाग की टीम शराब के खिलाफ छापेमारी और गश्ती कर रही थी।

बिहार सरकार

कार्यालय-भूमि सुधार उप-समाहर्ता, गोगरी।

आम सूचना

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016 के अंतर्गत निम्नांकित वाहनों के संबंध में इस न्यायालय में अधिहरण वाद संचालित है। इन वाहनों के स्वामी द्वारा न्यायालय में उपस्थिति नहीं दी जा रही है।

अतः इस सूचना के माध्यम से इन वाहनों के स्वामियों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत करें। अन्यथा एकपक्षीय निर्णय लेते हुए वाहन का अधिहरण कर लिया जाऐगा।

क्र0	उत्पाद अधिहरण का वाद संख्या	थाना कांड संख्या	जप्त वाहन संख्या	वाहन मालिक का नाम एवं पता	वाद की सुनवाई की तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	10/2024-25	बेलदौर थाना कांड सं0-52/2024	पलसर मोटरसाईकिल, रजिस्ट्रेशन नं0-BR34S-3881, चेचिस नं0-MD2B64BXONRL2475	–	06.11.2026

PR- 014392 (Excise) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

भूमि सुधार उप-समाहर्ता, गोगरी।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सोनपुर

Email Id-eercdsonepur@gmail.com

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर द्वारा कार्यालय उपयोग एवं क्षेत्राधीन पथों में चल रहे कार्यो के निरीक्षण/पर्यवेक्षण कार्य एवं अन्य सरकारी कार्य हेतु भाड़े पर चारपहिया वाहन (चालक एवं सभी रख-रखाव पर व्यय सहित) की आवश्यकता हेतु मुहरबंद लिफाफा में कोटेशन निम्नांकित विवरणी के अनुसार आमंत्रित किया जाता है :-

क्र0	कार्यालय कानाम	वाहनकाप्रकार (वातानुकूलित)	वाहन की संख्या
Group-1	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर	स्कॉर्पियों-N/इनोवा CRYSTA/मराजों	01 अदद

1. कोटेशन के लिए इच्छुक एजेन्सी/वाहन मालिक द्वारा मुहरबन्द लिफाफे में कोटेशन दिनांक 05.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। प्राप्त कोटेशन उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी या प्राधिकृत पदाधिकारियों द्वारा कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा। यदि कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित नहीं रहते है तो भी निर्धारित समय पर कोटेशन खोला जाएगा।

PR- 014379 (R C D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, सोनपुर

जिला बाल संरक्षण इकाई, सुपौल

(समाज कल्याण विभाग, बिहार पटना)

बाल कल्याण समिति, सुपौल के आदेशानुसार

गुमशुदा बच्चों की सूचना



नामः- राज कुमार, (Raj Kumar) (काल्पनिक नाम)
उम्रः- 07 दिन (लगभग),
रिंगः- साफ
प्राप्ति तिथिः- 16.10.2026 0
प्राप्ति स्थलः- रेफरल अस्पताल, राघोपुर, जिला-सुपौल।
लिंगः- पुरूष
माता का नामः-ना मालूम, पिता का नामः-ना मालूम
पताः- ना मालुम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित बच्चे के पिता/अभिभावक/परिजन, सूचना प्रकाशन तिथि से 60 दिनों के अन्दर साक्ष्य के साथ अपना दावा बाल कल्याण समिति, सुपौल (पता- वृहद आश्रय गृह, चैनसिंहपट्टी, वार्ड नं0-03, सुपौल बिहार पिन-852131, मोबाइल नम्बर-9470291900) एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, सुपौल (पता-पिपरा रोड, यादव कॉम्पलेक्स, वार्ड नं0-04, सुपौल, बिहार, पिन-852131, संपर्क नम्बर-06473-357072) के समक्ष प्रस्तुत करें।

नोटः- उपरोक्त वर्णित समयावधि के उपरांत कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं बच्चे को दत्तकग्रहण विनियमन, 2022 के प्रावधानुसार उपयुक्त दंपति को गोद दे दिया जाएगा।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
सुपौल

PR- 014304 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बांका

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-03/2026-27

(1) विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल,बांका।
(2)निविदा आमंत्रित करने की तिथि :- 23.10.2026
(3) परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- 05.11.2026 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
(4) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 06.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 06.11.2026 को 3:30 बजे अपराह्न ।
(6) निविदा कागजात् की बिक्री का स्थान :- (क) अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय भवन, अंचल,भागलपुर । (ख) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय भवन प्रमंडल, बांका। (ग) संबंधित सहायक अभियंता, का कार्यालय भवन प्रमंडल, बांका।
(7) निविदा प्राप्ति /खोलने का स्थान :- कमांक 6 के अनुसार।
(8) कार्य विवरणी :-

कम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) (केवल O-GRAS माध्यम से)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Repair and painting work of the Statistics office Building Located in the collectorate Campus Banka.	343700.00	6900.00	750.00	01 माह
2	Repair and painting work of the District Public Grievance Redressal office building banka in the collectorate Campus Banka.	218800.00	4500.00	500.00	20 दिन
3	Repair and painting work of the Minority Welfare office Building situated in the collectorate Campus Banka.	449900.00	9000.00	750.00	01 माह
4	Repair work of the Boundry wall of the Press club building Banka.	406000.00	8200.00	750.00	01 माह
5	Repair and painting work of the District Planning office situated in the collectorate Campus Banka.	317000.00	6400.00	750.00	01 माह
6	Repairing and painting work of outer portion of D type Block-A situated in the Sub division campus Banka under Banka district for the year 2026-27.	253900.00	5100.00	750.00	01 माह
7	Repairing and painting work of outer portion of D type Block-B situated in the Sub division campus Banka under Banka district for the year 2026-27.	254700.00	5100.00	750.00	01 माह
8	Repairing and painting work of outer portion of D type Block-C situated in the Subdivision campus Banka under Banka district for the year 2026-27.	275600.00	5600.00	750.00	01 माह
9	Renovation of Guard Room at Circuit House banka.	379800.00	7600.00	750.00	01 माह
10	Renovation of press club Banka District Banka for the year 2026-27	785400.00	15800.00	1250.00	01 माह

(9) यह निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट- www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता हैं।

PR. No. 014266 (BCD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बांका

जिला बाल संरक्षण इकाई, शेखपुरा

(समाज कल्याण विभाग, बिहार पटना)

(बाल कल्याण समिति, शेखपुरा के आदेशानुसार भुला-भटका बालक की सूचना)



1. काल्पनिक नाम : मो0 निहाल
2. उम्र/जन्म तिथि : 13 वर्ष (लगभग)
3. रंग : काला/सांवला
4. प्राप्ति तिथि : 13.10.2026
5. प्राप्ति स्थल : अरियरी थानान्तगर्त, कसार रोड में घुमते हुए।
6. पिता/माता : मो0 जुबैर
7. पता : ग्राम-मटोखर, जिला-शेखपुरा (बिहार)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त वर्णित बच्चे के माता पिता/अभिभावक/परिजन बच्चे के विज्ञापन प्रकाशन के तिथि से 60 दिनों के अन्दर साक्ष्य के साथ अपना दावा, **बृहद आश्रय गृह (बालक) युनिट-01 नवादा, एवं बाल कल्याण समिति, शेखपुरा** (पता-स्टेशन रोड, ट्रेनिंग स्कूल के पास **7857010853, 8210396627, 7004782152**) के समक्ष प्रस्तुत करें।

नोट :- उपरोक्त वर्णित समयावधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं बच्चे को दत्तकग्रहण दिशा-निर्देश, 2017 के प्रावधानुसार उपयुक्त दंपति को गोद दे दिया जायेगा।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
शेखपुरा

PR- 014413 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, मोतिहारी।

केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर

अल्पकालीन पुनः ई0 निविदा आमंत्रण सूचना (S.B.D System)

ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - 17/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, मोतिहारी।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :- दिनांक- 22.10.2026
3. निविदा डाउनलोड एवं अपलोड की तिथि एवं समय :- दिनांक- 04.11.2026 से 30.11.2026 को 03:00 बजे अपराह्न् तक।
4. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक- 01.12.2026 को 03:30 बजे अपराह्न्।
5. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक- 15.12.2026 को 04.00 बजे अपराह्न्।
6. प्री-विड मीटींग की तिथि समय एवं स्थान :- (i) दिनांक-20/11/2026 को 03:00 बजे अपराह्न् मुख्य अभियंता (उ0) भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में। (ii) दिनांक-17/11/2026 को 03:00 बजे अपराहन अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मोतिहारी के कार्यालय कक्ष में।
7. निविदा पत्र बिक्री का स्थान :- बेबसाईट (https:/eproc 2.bihar.gov.in) पर।
8. निविदा बैद्यता की अवधि :- 120 दिन।
9. कार्य का विवरणी :-

क0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	निविदा कागजात का मुल्य (अप्रत्यपणीय) (रूपये)	Bid processing Charge+ Service Tax	कार्य समाप्ति की अवधि
1	पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखण्ड के ग्राम करेरिया मौजा करेरिया, ग्राम बड़हरवाकला पश्चिम मौजा बड़हरवाकला एवं ग्राम भोपतपुर उत्तरी मौजा भोपतपुर में कुल 03 अदद् पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित)।	7,54,89,091.00	15,90,800.00	10,000.00	As per website	12 माह।

11. निविदा केवल ई-निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट (https:/eproc 2.bihar.gov.in/EPSV2web/) पर निष्पादित किया जाएगा। ई-निविदा से प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ई- प्रोक्युरमेन्ट हेल्पडेस्क, Toll Free Number: 18005726571, Email ID: eproc2support@bihar.gov.in. working Hours : 8Am to 7PM (all days in week except few selected state holidays) से प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 014241 (B C D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, मोतिहारी।

बिहार सरकार

समाहरणालय मुजफ्फरपुर

(जिला भू-अर्जन कार्यालय)

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा- 11(1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-कन्हौली बलिरामपुर(चादर नं0-1), थाना नं0- 326, अंचल-पारू, जिला-मुजफ्फरपुर में कुल-0.8581 एकड़ यानि 0.3472 हे० भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा, परियोजना-मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गंडक नदी पर फतेहाबाद (पारू ब्लॉक) से चंचलिया (तरैया ब्लॉक, सारण) तक उच्चस्तरीय पी.एस.सी. बॉक्स सेल सुपरस्ट्रक्चर मेन पुल (स्पेन 38×60मी०) एवं पहुँच पथ में 3 अदद् (5×30मी०) पी.एस.सी. सुपरस्ट्रक्चर पुल निर्माण कार्य अपेक्षित है, इसलिए राज्य, एस०आई०ए० (SIA) इकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार संक्षेप में है कि:- यह परियोजना लोक प्रयोजनार्थ है। इसके निमित्त भू-अर्जन करने का सामाजिक मूल्य कम है तथा सामाजिक लाभ ज्यादा है। भू-अर्जन के कारण कुल xx परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गये है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-कन्हौली बलिरामपुर(चादर नं0-1), थाना नं0-326, अंचल-पारू, जिला-मुजफ्फरपुर में कुल-0.8581 एकड़ यानि 0.3472 हे० मानक माप का भू-खंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, का अर्जन किया जाता है:-

क्र०	खाता संख्या	सर्वे भूखंड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हित्बद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता	सीमा (भू-खंड संख्या) उ०	द०	पू०	प०
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	99	290	सरकारी	दो फसला (भीठ)	0.4000	अनावाद बिहार सरकार	अंश खेसरा 290	अंश खेसरा 290	284	सोहागपुर
2	38	284	रैयती	दो फसला (भीठ)	0.2625	पंचम सिंह पिता-वसगीत सिंह वो मु० बनारस कुअँर पति-बनारसी सिंह वो रामसुरत सिंह पिता-ब्रहमदेव सिंह, सा०-मद० छपरा	अंश खेसरा 284	अंश खेसरा 284	285 एवं अंश खेसरा 284	290
3	20	285	रैयती	दो फसला (भीठ)	0.0566	जमुना सिंह पिता-जगधारी सिंह वो सरजू सिंह वो दुर्गा सिंह पिता-सीताराम सिंह वो रघुनाथ सिंह पिता-विध्या सिंह, सा०- फतेहाबाद	279, 280	अंश खेसरा 285	फतेहाबाद	-
4	30	279	रैयती	दो फसला (भीठ)	0.0670	मु० दुखित कुअँर पति-राजवंशी सिंह सा०- फतेहाबाद	अंश खेसरा 279	285	फतेहा बाद	280
5	68	280	रैयती	दो फसला (भीठ)	0.0640	मु० रामवति कुअँर पति-जोखन राय एवं पुनीत साह पिता- रकत साह सा०- फतेहाबाद	अंश खेसरा 280	285	279	281
6	68	281	रैयती	दो फसला (भीठ)	0.0080	मु० रामवति कुअँर पति-जोखन राय एवं पुनीत साह पिता- रकत साह सा०- फतेहाबाद	281	284	280	284
				कुल रकवा-	0.8581					

(शून्य दशमलव आठ पाँच आठ एक एकड़)

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013).की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार ,मुजफ्फरपुर उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए,अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हित्बद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,मुजफ्फरपुर के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014401 (District) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार,
मुजफ्फरपुर